Title: Need to provide financial assistance to State Government of Bihar for making closed sugar mills viable with a view to protect the interest of workers.

श्री मंज्य लाल (समस्तीपुर) : बिहार में राज्य सरकार के अधीन संचालित 15 चीनी मिलें पिछले तीन पेराई सत्र से 1997-98 से बंद पड़ी हैं और इन मिलों में कार्यरत 13,000 से अधिक कर्मचारी बेकारी की दशा में हैं। गत तीन वर्षों से इन गरीब मजदूरों व कर्मचारियों को वेतन न मिल पाने के कारण वे भुखमरी के कगार पर हैं। कर्मचारियों के वेतन की करोड़ों रुपए की राशि सरकार की ओर बकाया है। बिहार के गन्ना उत्पादकों तथा चीनी मिलों के कर्मचारियों के हित में केन्द्रीय सरकार स्पेशल पैकेज देकर इन चीनी मिलों को शीघ्र चालू कराने के लिए कदम उठाए।